# बैठक की कार्यवाही का विवरण 27.07.2022

यू.जी.सी. की स्वशासी योजना के अंतर्गत महाविद्यालय में गठित अकादमिक परिषद् की बैठक दिनांक 27/07/2022 को दोपहर 12.00 बजे से महाविद्यालय के कक्ष क्र. 21 में संपन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित बिदुओं पर विचार विमर्श हुआ।

- अकादमिक परिषद की पिछली बैठक के कार्यवृत्त का वाचन किया गया एवं सदस्यों द्वारा कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया।
- NEP 2020 के निर्देशों में अनुरुप एवं शासन के पहल पर शैक्षणिक सत्र 2022-23 से स्नातक प्रथम वर्ष में सेमेस्टर सिस्टम/CBCS सिस्टम के आधार पर क्रेडिट व्यवस्था से संचालन के संबंध में निर्णय एवं पाठ्यक्रम का अनुमोदन किया गया।
- स्नातक एवं स्नातकोत्तर सेमेस्टर परीक्षा 2022-23 की तैयारी संबंधी की जानकारी दी गयी।
- सत्र 2022-23 के स्नातकोत्तर प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा ऑफलाइन कराने के संबंध में निर्णय लिया गया।
- 08 नवम्बर से 15 नवम्बर 2022 तक स्नातक प्रथम वर्ष सेमेस्टर प्रथम स्नातकोत्तर प्रथम एवं तृतीय Online / Offline Exam Form तथा 10 जनवरी से 20 जनवरी, 2023 तक बी.ए., बी.एस.सी., बी.सी.ए., बी. कॉम., बी. लिब. का वार्षिक परीक्षा फॉर्म लिये जाने हेतु निर्णय लिया गया।
- स्नातक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की आंतरिक एवं वार्षिक परीक्षा 2023 के संबंध निर्णय लिया गया।
- स्नातक स्तर की कक्षाओं संबंधी प्रायोगिक कार्य सम्पन्न कराने का निर्णय लिया गया।
- स्नातक स्तर की समस्त कक्षाओं हेतु Assignment 1 फरवरी से 15 फरवरी 2022 तक जमा कराने संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।
- अगले वर्ष 2023-2024 में M.Sc. में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जावे अथवा प्रवेश हेतु परीक्षा न करा पाने की स्थिति में सैद्धांतिक परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर गुणानुक्रम में प्रवेश देने संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।
- गत वर्षानुवार इस वर्ष भी स्नातक प्रथम वर्ष में पर्यावरण प्रोजेक्ट, फील्डवर्क के आधार पर कराने का निर्णय लिया गया, जिसमें परीक्षार्थी अपने आवासीय क्षेत्र में रहकर 20 घण्टे किसी भी एक विषय पर

पर्यावरण/शिक्षा/स्वास्थ्य/पेयजल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य कर अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुत करेगा। 20 घण्टे कार्य अवधि का सत्यापन पंच/सरपंच/पार्षद/सचिव/सरकारी कर्मचारी अथवा गणमान्य नागरिक से कराएगा।

- गत वर्षानुसार इस वर्ष भी विभाग नये वैल्यू एडेड कोर्स प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया, तथा यह भी निर्णय लिया गया कि गत वर्ष संचालित वैल्यू एडेड कोर्स को यथावत संचालित किया जाए।
- नयी शिक्षा नीति (NEP 2020) के अनुरूप नये कौशन विकास (Skill Developmmunal) के शॉर्ट टर्म पाठ्यक्रम/प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया।
- वर्ष 2023 स्नातकोत्तर कक्षाओं की आंतरिक परीक्षा में यदि कोई छात्र अनुत्तीर्ण है या सम्मिलित नही होता है, उसे अपात्र माने जाने का निर्णय लिया गया।
- यह निर्णय लिया गया कि स्नातक प्रथम सेमेस्टर में 3 कोर विषय ASE, SEC होंगे। एक सेमेस्टर में कुल 24 क्रेडिट होगें। जिन विषय में प्रायोगिक तथा सैद्धांतिक होते है ऐसे विषयों के प्रायोगिक में 02 क्रेडिट तथा सैद्धांतिक में 04 क्रेडिट होंगे तथा बिना प्रायोगिक पेपर के विषय में 6 क्रेडिट पॉइंट होंगे।
- कोर विषय की परीक्षा के साथ हिन्दी, अंग्रेजी विषय की परीक्षा भी 3 घंटे की होगी एवं हिन्दी, अंग्रेजी विषय भी 50—50 अंक निर्धारित की गई।
- प्रश्नपत्र का पैटर्न पूर्ववत की भांति रखने का निर्णय लिया गया।
- यह निर्णय लिया गया है कि आंतरिक परीक्षा का मूल्यांकन 20 प्रतिशत का होगा जिसमें 10 प्रतिशत टेस्ट एवं 10 प्रतिशत एसाइंटमेंट तथा सैद्धांतिक परीक्षा 80 प्रतिशत से होंगे।
- CBCS पद्धति में 02 सेमेस्टर पूर्ण करने पर सर्टिफिकेट, 04 सेमेस्टर पूर्ण करने पर डिप्लोमा, 06 सेमेस्टर पूर्ण करने पर डिग्री तथा 08 सेमेस्टर पूर्ण करने पर ऑर्नस डिग्री प्रदान किया जाएगा।
- ग्रेड

| | |
|---|---|
| 9.1 – 10 | Outstanding |
| 8.1 – 9 | A+ |
| 7.1 – 8 | A |
| 6.1 – 7 | B+ |
| 5.1 – 6 | B |
| 4.1 – 5 | C |
| 3.1 – 4 | P (Pass) |
| 3 से कम | F (Fail) |

- डिग्री कोर्स सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा में प्रत्येक वर्ष ग्रेड दिया जाने का निर्णय गया।
- प्रत्येक विषय में ग्रेड तथा Overall ग्रेडिंग होगा।
- स्नातक द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर की परीक्षा पुरानी पद्धति से एवं विद्यार्थी परीक्षा फॉर्म 08 नवम्बर 2022 से 15 नवम्बर 2022 तक जमा करने का निर्णय लिया गया।
- स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की परीक्षा प्रायोगिक परीक्षा सभी विभाग 20 जनवरी से 10 फरवरी तक एवं स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की वार्षिक परीक्षा 01 मार्च से शुरु करने का निर्णय लिया गया।
- स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के एसाइंनमेंट के प्रश्न पत्र 15 दिसम्बर तक अपलोड तथा विद्यार्थियों को 15 जनवरी तक संबंधित विभाग में जमा करने का निर्णय लिया गया।
- स्नातक प्रथम सेमेस्टर तथा स्नातकोत्तर की प्रथम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर में आयोजित होगी तथा सम्पूर्ण पाठयक्रम नवम्बर में पूर्ण करने का निर्णय लिया गया।
- स्नातक प्रथम सेमेस्टर तथा स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षाएँ 15 नवम्बर से 30 नवम्बर तक सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगे।
- सेमेस्टर के असाइमेंट प्रश्नपत्र 15 अक्टूबर के पहले अपलोड किया जावे तथा विद्यार्थियों को 15 नवम्बर तक संबंधित विभाग में जमा करने का निर्णय लिया गया।
- सेमेस्टर पद्धति की आंतरिक परीक्षा 15 नवम्बर के पूर्व पूर्ण करने का निर्णय लिया गया।
- स्नातक द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की आंतरिक परीक्षा 30 जनवरी के पूर्व सम्पन्न करने का निर्णय लिया गया।
- पर्यावरण विषय को CBCS सिस्टम में विद्यार्थी द्वितीय सेमेस्टर में Ability Enhancement Skill के अंतर्गत अध्ययन करेंगे एवं यह 04 क्रेडिट पांइटस् के होंगे।
- स्नातक द्वितीय सेमेस्टर एवं स्नातकोत्तर की द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षाएँ 01 मई से 15 मई के भीतर सम्पन्न करने तथा सैद्धांतिक परीक्षाएँ 16 मई से प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया।
- स्नातक द्वितीय सेमेस्टर एवं स्नातकोत्तर की द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की असांइमेंट एवं आंतरिक परीक्षा 01 अप्रैल से 30 अप्रैल तक सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया।
- जो विद्यार्थी किसी विषय में एटीकेटी आते है तो वह एटीकेटी की परीक्षा अगले वर्ष उसी सेमेस्टर की परीक्षा के साथ देने की पात्रता होगी।
- सर्टिफिकेट कोर्स की परीक्षा वार्षिक परीक्षा के 15 दिवस के अंदर सम्पन्न कराने का अनुमोदन किया गया।

- यदि किसी विभाग में आवश्यक होने पर पूनः BOS की बैठक आयोजित की जा सकती है।
- यह निर्णय लिया गया है कि Skill Enhancement Course में 50 प्रतिशत सैद्धांतिक एवं 50 प्रतिशत प्रायोगिक अंक होगे और प्रायोगिक के प्राप्तांक विभाग अपने स्तर पर प्रायोगिक परीक्षा कराकर प्रकोष्ठ को सौपेगें 2023–24 वार्षिक परीक्षा पद्धति में भूतपूर्व/पूरक में पास विद्यार्थियों का प्रवेश स्नातक द्वितीय वर्ष में एवं 2024–25 में तृतीय वर्ष में प्रतिबंधित रहेगा क्योंकि इस वर्षो में क्रमशः स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की परीक्षा में सेमेस्टर प्रणाली लागू हो जावेगी वर्ष 2022–23 सेमेस्टर एवं वार्षिक दोनो पद्धति में परीक्षा होगी एवं फरवरी से मई तक कक्षाएँ भी लगेंगी इस कारण इस महाविद्यालय को स्वाध्यायी छात्रों के लिए परीक्षा केन्द्र न बनाया जाए।
- डॉ. सुशील तिवारी ने कहा कि इस महाविद्यालय में NAAC होना है अतः इस महाविद्यालय की प्राध्यापकों के अपेक्षा है कि इस महाविद्यालय A+ Grade maintain करने हेतु निरंतर प्रयास करें और 08 स्वशासी महाविद्यालय में सेमेस्टर प्रणाली Pilot Project के रुप में शुरु की जा रही है उसमें यह महाविद्यालय A+ Grade है अतः इस महाविद्यालय की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। सभी महाविद्यालय इस महाविद्यालय को आदर्श के रुप में देखते है।
- SEC में जिन विषयों में प्रायोगिक कार्य है उनमें सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक परीक्षाएँ अलग–अलग होगी। प्रायोगिक परीक्षा आंतरिक परीक्षक द्वारा संपन्न की जावेगी एवं जिन विषयों में प्रायोगिक नही है वे प्रायोगिक के स्थान पर एक आसाइनमेंट/फील्ड कार्य कराएगे। यह निर्णय लिया गया।
- सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा exit / on-demand प्रदान की जावेगी।

CONTROLLER
AUTONOMOUS EXAMINATIONS
GOVT V.Y.T.P.G. AUTO.COLLEGE
DURG (C.G.)

GOVT. V.Y.T. P.G. AUTO. COLLEGE DURG (C.G.)

PRINCIPAL
GOVT. V.Y.T. P.G. AUTO COLLEGE
DURG (C.G.)